राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | सोमवार , 19 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 302 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## अस्पतालों का हाल: गंदगी के बीच होता है इलाज

# धनबाद में कुल 213 सरकारी अस्पताल

**95%** नहीं मिल रहीं दवाएं

**75%** डॉक्टर दिखते भी नहीं, रिटायर्ड के बाद बहाली नहीं के बराबर

संवाददाता। धनबाद

जिले में राज्य व केंद्र सरकार के अधीन लगभग 213 सरकारी अस्पताल संचालित हैं. जहां ओपीडी और इनडोर में इलाज कराने वाले मरीजों 95 फीसदी दवाएं नहीं मिल रही हैं. सूत्रों के अनुसार सदर से लेकर एसएनएमएमसीएच, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अर्बन हेल्थ सेंटर, केंद्रीय अस्पताल और रेलवे हॉस्पिटल समेत जिले के कोने-कोने में हैं, हेल्थ सेंटर हैं. हर महीने चिकित्सकों व कर्मियों समेत अन्य मद में 50 करोड़ से अधिक खर्च होता है. इसके बावजूद गंदगी के बीच भर्ती मरीजों का इलाज होता है. लोग कहते हैं कि वर्तमान में जितने सरकारी डॉक्टर नियुक्त हैं, उसमें 75 फीसदी डॉक्टर ओपीडी व इनडोर में ऑन ड्यूटी नहीं के बराबर दिखते हैं. इसके अलावा 25 फीसदी डॉक्टर जो अस्पताल आते हैं, वे ड्यूटी के नाम पर खानापूर्ति कर चले जाते हैं. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सबकुछ जानकर भी मौन रहते हैं. कभी कभार औचक निरीक्षण कर अनुपस्थित चिकित्सक व कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के नाम पर शो-कॉज करते हैं. जिसका चिकित्सकों व कर्मियों पर कोई फर्क नहीं पड़ता है. मरीजों को जो सुविधा मिलती चाहिए, वह मिल रही है या नहीं, इसे देखने कोई भी अधिकारी नहीं आते हैं. साल-छह महीने में कोई आ भी जाते हैं, तो कोई असर नहीं दिखता है.

### हर महीने चिकित्सकों व कर्मियों समेत अन्य मद में 50 करोड़ से अधिक खर्च




### जीवन रक्षक दवा की बात कौन करे, बैंडेज-सिरिंज और रूई तक खरीदते हैं मरीज

मरीजों का कहना है कि धनबाद कहने के लिए देश की कोयला राजधानी है और राजस्व के मामले में सबसे आगे हैं, लेकिन यहां के लोगों को बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हैं. धनबाद में सदर, एसएनएमएमसीएच, सेंट्रल हॉस्पिटल में सरकारी कर्मचारी के साथ-साथ आम लोग भी इलाज कराने आते हैं. सरकार इन अस्पतालों पर स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करती है, फिर भी मरीजों को जीवन रक्षक दवा की बात तो दूर, बैंडेज-सिरिंज व रूई तक बाहर की दुकानों से खरीदते हैं. रांची व दिल्ली से स्वास्थ्य विभाग की टीम भी कभी कभार आती है, लेकिन मरीजों को इसका लाभ नहीं मिलता है. ओपीडी के मरीजों व उनके घरवालों के लिए बैठने के लिए अस्पताल में कुर्सी तक नहीं मिलती है. सबसे अधिक खराब हालत इनडोर की है, जहां गंदगी के बीच मरीज का इलाज होता है. सरकारी अस्पतालों में धनबाद के अलावा गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, पाकुड, गोड्डा, दुमका जिला से भी मरीज इलाज कराने आते हैं.

### जिले में कुपोषण उपचार केंद्र और निकू भी नहीं खुला

सदर अस्पताल में कुपोषण उपचार केंद्र और नियो नेटल केयर यूनिट ( निकू ) अभी तक नहीं खुल पाया। दोनों विभाग दवा के अभाव में नहीं खुल पा रहा है. ऐसा पहली बार हो रहा है, जब डॉक्टर और संसाधन होने के बावजूद दवा के अभाव में केंद्र नहीं खुल रहे हैं। इसके अलावा सदर अस्पताल में एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड भी नहीं होता है. एसएनएमएमसीएच में होता है, तो वहां सातों नहीं सुविधा नहीं है. जन औषधि केंद्र में जेरनिक दवा देने का नियम है, लेकिन यह साल में आठ से दस माह बंद रहता है. रेलवे अस्पताल व सेंट्रल अस्पताल में भी मरीजों का सही से इलाज नहीं होता है. डायलिसिस कराने के लिए भी मरीज को दुकान से दवा व कई सामग्री खरीद कर लाना पड़ता है. तब जाकर इलाज होता है.

## बैंकमोड़ के ठेकेदार को मैसेज कर मांगे 10 लाख

# अब ईडी के मुकदमे के बाद भी गैंगस्टर प्रिंस ने मांगी रंगदारी

संवाददाता। धनबाद

एक तरफ पुलिस महकमा और सरकार धनबाद के गैंगस्टर प्रिंस खान पर नकेल कसने के लिए लगातार कदम बढ़ा रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रिंस खान ने धनबाद के एक ठेकेदार को फिर से रंगदारी भरा मैसेज भेजकर दुस्साहस का परिचय दिया है. मामले की मौखिक शिकायत की थाने में की गई है, बावजूद इसके पुलिस प्रिंस के लोगों को एक बार फिर तलाशने में जुट गई है. बताते हैं कि बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर के रहने वाले ठेकेदार सुशील अग्रवाल को मैसेज भेजकर दस लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है. मैसेज में वही बात लिखी हुई है, जो अब तक भेजे गए सारे मैसेज में लिखे होते थे. सुशील ने मैसेज का जवाब दिया और कहा कि वे इतने बड़े ठेकेदार नहीं हैं, जो दस लाख रुपये दे सके. इसके बाद मामले में तोलमोल की भी बात होने लगी, दूसरी तरफ से कहा गया कि बोलो कितना में मैनेज करोगे, धमकी भी दी गई कि मैनेज नहीं करोगे तो जान से हाथ धोना पड़ेगा. बाद में सुशील और उनके परिजनों को चिंता हुई और मामले की मौखिक शिकायत बैंकमोड़ थाने में की गई है. इधर बता दें कि गैंगस्टर प्रिंस खान ने धनबाद के सैंकड़ों कारोबारियों को धमकी दे चुका है और यहां उगाही का बाजाब्ता कारोबार ही खड़ा कर दिया है. धनबाद पुलिस इस गिरोह को तोड़ने के लिए काफी कोशिश कर चुकी है. अब तक करीब पांच दर्जन से अधिक लोगों को पकड़ कर जेल भेजा गया. कई के खिलाफ क्राइम कंट्रोल एक्ट की कार्रवाई भी की जा चुकी है. लेकिन दुबई में जाकर बस चुके प्रिंस खान का नेटवर्क अब भी धनबाद में काम कर



रहा है. ऐसे में धनबाद पुलिस ने उसके खिलाफ इंटरपोल की मदद भी ली और रेड नोटिस भी जारी करा चुकी है. यहां तक कि दुबई सरकार को अरबी में एक पत्र भी लिखकर भेजा गया है, जिसमें प्रिंस खान के करतूतों की पूरी कुंडली है. इसके बाद भी फिलहाल तक प्रिंस पुलिस की पकड़ से दूर हैं और लगातार धमकी देने और रंगदारी वसूलने का काम जारी रखे हुए है. तीन दिन पूर्व ही प्रिंस के खिलाफ ईडी ने भी मुकदमा दर्ज किया और उसके पूरे गिरोह को ध्वस्त करने का इरादा बनाया गया है.

रंगदारी से बनाई गई संपत्ति पर भी ईडी की नजर है, सूत्रों के मुताबिक ईडी की टीम उन लोगों की भी सूची बना रही है, जो प्रिंस खान से जुड़कर लाखों रुपये कमा चुके हैं और उसे गुप्त रूप से सपोर्ट किए हुए हैं. पुलिस को अंदेशा है कि धनबाद में आज भी प्रिंस के संपर्क में कुछ लोग हैं जो यहां की हर कार्रवाई से उसे अवगत करा देते हैं. ऐसे लोगों के खिलाफ भी पुलिस व ईडी की टीम सख्त कार्रवाई करने के मूड में है.

### डाक विभाग में 10 करोड़ के घोटाले का आरोपी फरार



**धनबाद।** गोविंदपुर केके पॉलिटेक्निक उप डाकघर से 10 करोड़ का घोटाला करने के आरोपी सहायक पोस्ट मास्टर सुमित सौरभ कुमार विभागीय जांच शुरू होने और मामला सीबीआई तक पहुंचने के बाद वह फरार हो गया. जानकारी के अनुसार मामले का खुलासा होने के बाद पहले सहायक पोस्ट मास्टर सुमित सौरभ कुमार का झरिया उप डाकघर में तबादला किया गया, लेकिन वह झरिया में ज्वाइन नहीं किया. विभाग के अधिकारी उसकी तलाश कर रहे हैं, लेकिन उसका पता नहीं चल पा रहा है. जिसके कारण वरिष्ठ डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने सुमित सौरभ कुमार का वेतन रोक दिया है और मुख्यालय को लिखित रूप से सूचना दे दी गई है. विभाग में चर्चा है कि रांची मुख्यालय से डाक विभाग की वरीय अधिकारियों की टीम जांच करने के लिए किसी भी समय धनबाद आ सकती है. पहले जांच में 20 लाख का रिकवर हुआ था. अब तक पता चल चुका है कि घोटाले की रकम 10 करोड़ तक पहुंच गई है. सरकारी फंड का पैसा सुमित सौरभ ने गोविंदपुर में उप डाकघर में रहते फर्जी खाता खुलवा कर ट्रांसजेक्शन कर दिया. इस घोटाले में अब तक एक दर्जन लोगों का नाम सामने आ चुका है. सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की तैयारी चल रही है.

## हत्याकांड का फरार आरोपी सोशल मीडिया पर दे रहा चुनौती

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर में हत्याकांड के मामले में फरार चल रहा मुख्य आरोपी इन दिनों सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट कर पुलिस को चुनौती दे रहा है. फरार होने के बावजूद आरोपी साहिल यादव उर्फ गोलू फेसबुक पर



अपनी तस्वीरें पोस्ट कर रहा है. हत्या के 10 दिनों बाद 11 फरवरी को उसने फेसबुक पर एक फोटो पोस्ट की जो की दिल्ली की बताई जा रही है. हालांकि कुछ दिनों बाद ही उसने वह फोटो डिलीट भी कर दी. बताया जाता है कि टकलू सोशल मीडिया के माध्यम से हत्या में शामिल अन्य साथियों से भी संपर्क में है और पल-पल की खबर रखे हुए है. इधर पुलिस मामले में अब तक दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है जिसमें सुजल बहादुर और मुन्ना अधिकारी शामिल है. पुलिस की माने तो सुजल बहादुर घटना स्थल पर शामिल था जबकि मुन्ना अधिकारी हत्या का प्लान बनाने में शामिल था.

### मुख्य आरोपी माशूक मनीष को प्राप्त है संरक्षण

मामले में मुख्य आरोपी रहे माशूक मनीष को राजनीतिक पार्टी का सपोर्ट है जिस कारण वह अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. माशूक मनीष के खिलाफ जिले के थानों में कई मामले दर्ज है. अखिरी बार 7 जुलाई को मानगो पुल के पास मछली विक्रेताओं से रंगदारी मांगने के लेकर हुए फायरिंग मामले में माशूक मनीष का नाम सामने आया था जिसके बाद पुलिस ने लगातार छापेमारी करते हुए घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया था पर माशूक को पुलिस गिरफ्तार नहीं पाई. पुलिस माशूक की गिरफ्तारी के लिए शहर के बाहर भी गई थी पर पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी. इसके पीछे का कारण राजनीतिक संरक्षण बताया जाता है.

## पर्दाफाश : पैसे का प्रलोभन देकर बंद कमरे में चल रहा था धर्मांतरण का खेल

# 5 एजेंट को ग्रामीणों ने पकड़ा, हंगामा

संवाददाता। हजारीबाग

धर्मांतरण को लेकर अधिकांश मामले ग्रामीण क्षेत्र में आते थे. लेकिन अब शहर के आसपास भोले भाले लोगों को आर्थिक प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है. कुछ ऐसा ही मामला रविवार को जिले के कोर्रा थाना अंतर्गत महेंद्र कॉलोनी के नवडीहा गांव से आया है. यहां चार से पांच की संख्या में रांची और हजारीबाग से धर्मांतरण कराने के लिए एजेंट आए थे. ये लोग एक हिंदू समुदाय के एक घर के अंदर



बंद कमरे में 50 से भी अधिक संख्या में लोगों को धर्मांतरण का पाठ पढ़ा रहे थे. स्थानीय लोगों को जब इसकी भनक लगी, तो विरोध करना शुरू कर दिया.

ग्रामीणों के अनुसार, धर्मांतरण कराने पहुंचे लोगों के पास से कई बाइबल बुक, ईसाई धर्म से संबंधित धर्म ग्रंथ, कागजात, बंद लिफाफे में नगद रुपये व अन्य वाद्य तंत्र को जब्त किया गया है. पूछताछ में उनलोगों ने धर्मांतरण कराने की बात को स्वीकार किया. साथ ही बंद कमरे में प्रार्थना में शामिल कई लोगों ने भी धर्मांतरण की बात कबूल की. स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची कोर्रा थाना पुलिस धर्मांतरण करवाने के लिए पहुंचे एजेंटों सहित उनके पास से बरामद सभी सामग्रियों को जब्त कर थाना ले गई है और विधिसम्मत कार्रवाई में जुट गई है. इधर धर्मांतरण जैसे मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखी जा रहा है.

## बैद्यनाथ राम ने अपने समर्थकों के साथ की बैठक

विशेष संवाददाता। रांची

अंतिम क्षण में मंत्री बनने से चूके झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम ने रविवार को अपने आवास पर दलित समुदाय के लोगों के साथ बैठक की. समाज के लोगों ने विधायक को आगे का निर्णय लेने के लिए अधिकृत कर दिया. बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह देश की पहली घटना होगी जब आमंत्रण मिलने के बाद भी शपथ ग्रहण से अंतिम क्षण में रोक दिया गया. हमने



सीएम एवं पार्टी के नेताओं से बात रख दी है. सीएम ने भरोसा दिया है कि वह इस मुद्दे का हल निकाल लेंगे. दो से तीन का समय सीएम ने मांगा है. उम्मीद है कि जल्द उन्हें मंत्री बनाया जाएगा. उन्होंने कहा कि उन्हें राजभवन से फोन आ चुका था, वे पहुंच भी गए. मगर पहले उन्हें सीएम आवास पहुंचने को कहा गया. बताया गया कि कांग्रेस से इस मुद्दे पर विवाद हो गया है. इसलिए अभी आपका शपथ ग्रहण नहीं कराया जा रहा है.

### राजधानी ट्रेन के पुराने कोच को बदलना जरूरी : जोशी

**रांची।** ट्रेन संख्या 20839 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के पुराने कोच को तेजस कोच में बदलने के लिए जेडआरयूसीसी के सदस्य अरुण जोशी ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन, दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक, सांसद समीर उरांव और संजय सेठ को पत्राचार किया है. उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के कई कोच पुराने हो चुके हैं जिस कारण बरसात के समय बारिश का पानी कोच में गिर रहा है.

## जेजेएमपी उग्रवादियों ने लातेहार में मचाया उत्पात



- डीवीसी के तुबेद कोल माइंस से कोयला ढो रहे हाइवा को बनाया निशाना

आशीष टैगोर। लातेहार

शनिवार की देररात जेजेएमपी उग्रवादियों ने डीवीसी के तुबेद कोल माइंस कोयला का ढो रहे हाइवा को निशाना बनाया. घटना को सदर थाना क्षेत्र के मुरूप गांव के नदी टोला के पास अंजाम दिया गया. यहां जेजेएमपी के उग्रवादियों ने माइंस से कोयला लोड कर बालूमाथ जा रही हाइवा पर हमला बोला. पांच हाइवा के शीशों को तोड़ दिया और 8 की चाबी लूट ली. लोड कोयला को सड़क पर गिरा कर मार्ग रोक दिया. 10 हाइवा चालकों के मोबाइल लूट लिये. हालांकि उग्रवादियों ने पांच चालकों के मोबाइल वापस कर दिए. जाते- जाते उग्रवादियों ने दहशत पैदा करने के लिए फायरिंग भी की. सूचना मिलने पर पुलिस रात में ही मौके पहुंची. थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा ने कहा कि लेवी के लिए ये किया गया है. चालकों ने बताया कि बालूमाथ से कोयला गिरा कर वे माइंस जा रहे थे. तभी 4-5 उग्रवादियों ने उन्हें रोका. उनके मोबाइल लूट लिए. कहा कि बिना मैनेज किये ढुलाई हुई, तो अंजाम बुरा होगा.

### 10 घंटे तक बाधित रहा आवागमन

रात के डेढ़ बजे से वाहनों का आवागमन बाधित रहा. उग्रवादियों ने दो हाइवा कोयला सड़क पर गिरा कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया था. रविवार क सुबह जेसीबी मशीन से कोयला हटाने का कार्य शुरू किया गया. तकरीबन 11 बजे आवागमन चालू हो पाया. दौरान लातेहार से बालूमाथ व हेरहंज जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा.

## त्राहिमाम | धर्म - जाति से ऊपर होकर अपनी लड़ाई लड़ेंगे झरिया के लोग

# सत्याग्रह पर बैठे सैकड़ों लोगों ने ली शपथ, हटेंगे नहीं

संवाददाता। धनबाद

झरिया में बढ़ते वायु प्रदूषण के खिलाफ शनिवार को शुरू हुआ 24 घंटे का सत्याग्रह आंदोलन रविवार को शपथ ग्रहण के साथ समाप्त हुआ. इसमें वायु प्रदूषण के विरुद्ध जाति धर्म एवं दलगत भावना से ऊपर उठ कर इस लड़ाई को जारी रखने का शपथ लिया गया. धरनास्थल पर ही हस्ताक्षर अभियान चलाया गया . इस पर वहां से गुजरने वाले युवा, वृद्ध, महिला, टेम्पू चालक,रिक्शा चालक सहित 1800 लोगों ने हस्ताक्षर कर सत्याग्रह का नैतिक समर्थन किया. आंदोलन के दूसरे दिन बड़ी संख्या में झरिया के गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए. आंदोलन में मौजूद दामोदर बचाओ आंदोलन के संयोजक पर्यावरणविद अरुण रॉय ने कहा कि झरिया में लगातार बढ़ रहा वायु प्रदूषण झरियावासियों के लिए जानलेवा हो गया है.लोग कई गम्भीर बीमारी से जूझ रहे हैं. बावजूद इसके यह जनसमस्या बीसीसीएल के वरीय अधिकारियों को नहीं दिख रही है. इसे लेकर एक संयुक्त प्रदूषण संघर्ष समिति बना कर एक मंच पर आ कर लड़ाई लड़नी होगी.

### आंदोलन की जरूरत है

झरिया विधायक के प्रतिनिधि के डी पांडेय ने कहा कि झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण से निजात पाने के लिए जन आंदोलन की जरूरत है .तभी हम इससे छुटकारा पा सकते हैं. उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण एक्ट के धारा 19 के तहत जिले के उपायुक्त प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्थानीय अध्यक्ष और एसडीएम व डीएफओ इसके सदस्य होते हैं. दिशा की बैठक में उक्त मुद्दे को गंभीरता से उठाया था . इसपर उपायुक्त ने आश्वस्त किया था कि इस पर कानूनी कारवाई की जाएगी . बावजूद इसके आज तक कोई कारवाई नहीं हुई .



### प्रदूषण के विरुद्ध एकजुट होकर जन आंदोलन करना होगा

डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि सत्याग्रह आंदोलन में सभी लोगों का अच्छा सहयोग मिला. लेकिन बीसीसीएल प्रबंधक को इससे कोई फर्क नहीं पड़ा. आंदोलन में अखलाक अहमद,उमाचरण रजवार, श्रीकांत अम्बष्ठ, हरीश जोशी, गोपाल अग्रवाल, ओ पी अग्रवाल, शिवचरण शर्मा, श्रीकांत अम्बष्ठ, अनिल जैन,बलदेव, उमा भट्टाचार्या,शिवबालक,अशोक वर्णवाल, हरिनारायण सिंह, अविनाश शर्मा, विनोद शर्मा, अखिलेश सिंह, अनूप लिल्हा, दिलीप आडवाणी, अरुण साव, राज माली, राकेश गुप्ता, राजीव पाण्डेय,सुनील साव, रूदल पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे .

### शुद्ध हवा तक नहीं मिल पा रही है

भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनियां कोयला खनन में मानक के विरुद्ध कार्य कर रही हैं. इससे हालात ऐसी हो गई हैं कि लोगों को सांस लेने के लिए शुद्ध हवा तक नहीं मिल पा रही है. बावजूद इसके बीसीसीएल प्रबंधन के कान में जूं तक नही रेंगी .इसे लेकर सत्याग्रह आंदोलन की गई .बीसीसीएल प्रबंधन अगर जल्द इसे नियंत्रण नहीं की तो आनेवाले दिनों में झरिया की जनता के साथ बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन का घेराव करेंगे.

## कोडरमा में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन के साथ एक गिरफ्तार



संवाददात। कोडरमा

भ्रूण हत्या पर रोकथाम लगाने में जिला प्रशासन जुटा है. इसी कड़ी में रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र के बिशुनपुर रोड स्थित एक घर में छापेमारी की.

इस दौरान इस आवास से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, डेबिट कार्ड, विभिन्न बैंकों के पासबुक, चेक और मोबाइल जब्त किये गए. साथ ही घर के मालिक पवन कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है. छापेमारी दल में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, सीओ कोडरमा कमल किशोर, डॉ मनोज कुमार शामिल थे.

▼ ब्रीफ खबरें

### चोरों ने की लाखों रुपये के सामान की चोरी

**धनबाद।** धनबाद थाना क्षेत्र के विशुनपुर में शनिवार की रात चोरों ने लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया है. विशनुपुर निवासी रंजीत गोस्वामी ने मामले की शिकायत की है. बताया कि शनिवार को वे और उनकी पत्नी घर पर नहीं थे. पत्नी मायके गई थी और उन्हें भी निजी काम से बाहर जाना पड़ा था. चोरों ने इसी बात का फायदा उठाया, मेनगेट व ग्रील में लगे दो ताले को तोड़ दिया और फिर चोर अंदर प्रवेश कर गए. घर में रखे अलमीरा को भी तोड़ दिया गया. उसमें रखे सोने व चांदी के जेवरात चोर ले गए. चोरों ने घर में लगे एलसीडी टीवी को भी नहीं छोड़ा.

### महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**भूली।** रंगुनी स्थित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 108 पांच दिवसीय मारूति नंदन महायज्ञ के दौरान पहले दिन रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें 261 की संख्या में महिला-युवती शामिल थी. सभी सिर पर कलश लेकर मंदिर परिसर से भूली आम बगान, डी ब्लॉक, शक्ति मार्केट, बी ब्लॉक, रंगुनी होते हुए इमली तालाब पहुंची तथा कलश में पवित्र जल भरकर पुनः मंदिर पहुंची. कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर जयकारे लगाए.

### अलकारी अस्पताल में गर्भ संस्कार पर कार्यशाला

**धनबाद।** भूली बाइपास स्थित 8 लेन के निकट अलकारी देवी हॉस्पिटल में गर्भ संस्कार पर कार्यशाला आयोजित किया गया. इस दौरान डॉ मनीष व डॉ नीतू ने आधुनिक जीवनशैली में बदलते परिवेश को लेकर गर्भ संस्कार की महत्ता पर विशेष ध्यान दिया. मातृ व शिशु की स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया. डॉ अनुपमा की ओर से माताओं को सही आहार, योग, ध्यान के बारे में परामर्श दिया गया. गर्भधारण के दौरान महिलाओं को तनाव मुक्त रहने की बात कही.

### भाजपा नेता नवल किशोर की मां का निधन

**टुंडी।** पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र के भाजपा वरिष्ठ नेता नवल किशोर चौधरी के 101 वर्षीय माता राजबाला देवी का निधन हो गया. वो अपने पीछे चार पुत्र व चार पुत्री छोड़ गईं. उनका संस्कार सर्रा बराकर नदी घाट में संपन्न हुआ. उनके निधन पर पूर्व सांसद रवीन्द्र कुमार पाण्डेय, टुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विक्रम कुमार पाण्डेय, गोपाल पाण्डेय दिनेश साव, बाघमारा विधायक प्रतिनिधि मनीष साव, सुनील चौधरी, राजेश मंडल, मुखिया जयनारायण मंडल, राजगंज मंडल के समाजसेवी नीलकंठ रवानी और चुनू कांत रवानी ने दुःख व्यक्त किया.

### यूथ इंटक ने मनाया संजीव का जन्म दिवस

**बोकारो।** यूथ इंटक के बोकारो स्थित कार्यालय में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी का जन्मदिन मनाया. मीटिंग में प्रदेश में युवा इंटक को और कैसे मजबूत किया जाए तथा मजदूरों पर हो रहे शोषण को रोकने की रूपरेखा पर विचार विमर्श हुआ. मीटिंग में आगामी लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों को लेकर भी चर्चा हुई कि कैसे मजदूर से जुड़ी चुनौतियों को चुनावों के केंद्र में लाया जाए. झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रवि चौबे ने रेड्डी को मुबारकबाद दी और सबने ये कामना किया कि उनका आशीर्वाद हमेशा सबको मिलता रहे. संगठन में नए सदस्यों का स्वागत किया गया.

मत्स्यपालन विभाग ने पंचेत जलाशय के कई घाटों पर पिछले दिनों छापामारी भी किया था

## पंचेत मत्स्यजीवी समिति के मछुआरों ने की सभा

**संवाददाता। निरसा**



पंचेत जलाशय मत्स्य जीवी संग्राम समिति के बैनर तले दलदली मैदान मे रविवार को आयोजित न्याय का हक मिलने तक सभा में मछुआरों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुधांशु शेखर झा मुख्य रूप से उपस्थित हुए. ग्रामीणों ने एक एक-एक कर अपनी समस्याओं से वरिष्ठ नेता सुधांशु शेखर झा को अवगत किया.

विस्थापित ग्रामीण मछुआरों ने मत्स्यपालन मंत्री बादल और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधांशु का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया जिनकी वजह से बहुत कुछ पाना संभव हुआ है. मछुआरों ने कहा कि वे पंचेत जलाशय के विस्थापित मछुआरे मछली पकड़कर अपनी जीविकोपार्जन करते रहे हैं. यहां मछली पकड़ने पर किसी को कोई प्रतिबंध नहीं है परंतु सैकड़ों विस्थापित ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय यह है कि एक पर्दे के पीछे से एक मछली सिंडिकेट उनके पेट पर लात मार रहा है.

छोटे-छोटे मछली जीरा को झारखंड सरकार द्वारा प्रतिबंधित जाल से पकड़वाकर रोज भारी मात्रा मे बर्बाद कर रहा है. साथ ही इस सिंडिकेट के बुलावे पर अभी बंगाल का मछुआरा रोज अनाधिकृत रूप से बंगाल से पंचेत जलाशय के पंचेत-कालुबथान थाना क्षेत्र मे प्रवेश कर मछली सिंडिकेट को मछली दे रहा है. जिससे यहां के स्थानीय मछुआरों को भारी नुकसान हो रहा है. स्थानीय प्रशासन एवं मत्स्यपालन विभाग ने कालुबथान थानान्तर्गत पंचेत जलाशय के कई घाटों पर सरकार द्वारा प्रतिबंधित जालों के खिलाफ गत दिनों छापामारी भी किया था.

**सुनाई समस्या**

- मछुआरे मछली पकड़कर जीविकोपार्जन करते हैं
- मछली सिंडिकेट उनके पेट पर लात मार रहा है
- स्थानीय मछुआरों को भारी नुकसान हो रहा है

## मैथन में मवेशी लदा पिकअप वाहन जब्त, तीन गिरफ्तार



**संवाददाता। मैथन**

मैथन पुलिस ने रविवार को मैथन टोल प्लाजा के समीप मवेशियों से लदा पिकअप वाहन (बीआर 03 जीबी 4396) जब्त कर लिया. वाहन पर 9 मवेशी लदे हुए थे. मवेशियों को ले जा रहे तीन पशु तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पशु तस्कर मौके से भागने की कोशिश कर रहे थे, तभी उन्हें दबोच लिया गया. गिरफ्तार पशु तस्करों में बबलू कुमार यादव, सर्वदेव यादव व शौकत कुरेशी शामिल हैं. पिकअप वाहन झारखंड से पश्चिम बंगाल की ओर जा रहा था. पुलिस ने बताया कि इस मामले में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. जब्त पशुओं को गोशाला भेज दिया गया, जबकि गिरफ्तार तीनों पशु तस्करों को पूछताछ के बाद जेल भेजने की तैयारी चल रही थी.

मुगमा डाक बंगला में मासस के मिलन समारोह में जुटे कार्यकर्ता

## भाजपा से ही हमारी लड़ाई है, हराना होगा: जगदीश

**राजकुमार महतो। निरसा**



धनबाद की जनता ने मोदी को देखकर लगातार धनबाद संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका पीएन सिंह को दिया, परंतु आज तक विकास नहीं हुआ. भाजपा का यह नारा भी रहा है कि मोदी जरूरी है पीएन सिंह मजबूरी है, तो वैसे सांसद को हटाना जरूरी हो गया है. ऐसे सांसद के रहते विकास की परिकल्पना करने की बात बेमानी होगी. उक्त हुंकार रविवार को निरसा विधानसभा क्षेत्र के मुगमा डाक बंगला में मासस द्वारा आयोजित मिलन समारोह के दौरान पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने भरी. चटर्जी ने कहा कि मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) ने आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में धनबाद संसदीय क्षेत्र से अपना सांसद प्रत्याशी के रूप में कॉमरेड जगदीश रवानी को उम्मीदवार के रूप में उतारा है.

कहा कि आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण उम्मीद है कि इस बार धनबाद की जनता जगदीश रवानी को दिल्ली भेजने का काम करेगी. उम्मीदवार जगदीश रवानी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलने के लिए समारोह का आयोजन किया गया. उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां के वर्तमान भाजपा सांसद पीएन सिंह आजतक सिर्फ धनबाद की जनता को निराश करते हुए सिर्फ और सिर्फ ठगने का काम किया है. धनबाद में एक नही बल्कि कई समस्याएं हैं, लेकिन यहां के सांसद कुछ नहीं किया है. भाजपा सिर्फ महंगाई बढ़ा रही है.

रवानी ने कहा कि भाजपा को हराना ही हमारी लड़ाई है. सांसद के कार्यकाल में कोयले की राजधानी धनबाद काफी पीछे चला गया हैं. मंहगाई चरम पर हैं. युवा बेरोजगार दर-दर भटक रहे हैं. धनबाद में एम्स और एयरपोर्ट नहीं है. अगर जनता मुझे अपना आशीर्वाद दिए तो हमारी पहली प्राथमिकता संसदीय क्षेत्र का चौमुखी विकास कर देश की पटल पर धनबाद को शिखर पर ले जाना है.

**लिया संकल्प**

- मासस ने लोस चुनाव के लिए जगदीश रवानी को उतारा है
- भाजपा सांसद ने जनता को ठगने का काम किया है

### हेमंत की रिहाई को लेकर झामुमो ने की पूजा

**धनबाद।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से रिहाई दिलाने के लिए झामुमो नेताओं ने रविवार को हीरापुर स्थित हरि मंदिर में भगवान सत्यनारायण की पूजा की. पूजा के बाद हवन एवं आरती किया गया. केंद्रीय नेतृत्व से मिले दिशानिर्देश के बाद से झामुमो नेता एवं कार्यकर्ता सभी धार्मिक स्थलों पर पूजा अर्चना कर रहे हैं. मौके पर केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय ने कहा कि भाजपा द्वारा षड्यंत्र के तहत हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया है. उन्हें जेल से मुक्ति दिलाने के लिए सभी धर्म के झामुमो नेता अपने अपने धर्म के अनुसार ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं. सहाय ने कहा कि भाजपा द्वारा किये इस कायराने हरकत का जवाब आगामी चुनावों में जनता देगी. लोकसभा चुनाव में 14 में से 14 सीट पर गठबंधन की जीत होगी. साथ ही विधानसभा चुनाव में बड़ी बहुमत के साथ दुबारा सरकार बनाएंगे. वहीं जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि भाजपा द्वारा किये षड्यंत्र को कुचलने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की जा रही है. इसी दौरान रविवार को सत्यनारायण भगवान की पूजा की गई है. मौके पर बाघमारा प्रखंड उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान ने कहा कि भाजपा अपने मंसूबे में कभी सफल नहीं हो पायेगा. हेमंत सोरेन जेल से बाइज्जत बरी होकर फिर से झारखंड का विकास करने में लगेंगे.



## हिंदू झटका बिरयानी दुकान खुली

**संवाददाता। धनबाद**



धनबाद के मेमको मोड़ में रविवार को हिंदू झटका बिरयानी दुकान का उद्घाटन किया गया. प्रतिष्ठा संचालक रमेश राय ने अपनी दोनों पुत्रियों साक्षी राय और सोनाक्षी राय से प्रतिष्ठान का फीता कटवाया. रमेश राय ने बताया कि धनबाद के बिरयानी के शौकीनों के लिए सबसे बेहतर स्वाद यहां उपलब्ध रहेगा. बिरयानी के अलावा नॉन भेज के कई खास आइटम मिलेंगे. उद्घाटन के दिन ही काफी ग्राहकों ने यहां के बिरयानी का जायका लिया और सभी ने तारीफ भी की. होम डिलीवरी की भी सुविधा यहां उपलब्ध रहेगी. एक कॉल पर बिरयानी आपके दरवाजे तक पहुंचा दिया जाएगा.

### प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में हुई मारपीट

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के भुरूंगिया में मूर्ति विसर्जन करने के दौरान रास्ते में बाइक पार नहीं होने देने को लेकर वहीं के दो पक्षों में मारपीट व पत्थरबाजी हो गयी. घटना में एक महिला व एक बच्ची सहित तीन लोग घायल हो गये. मामला महुदा थाना तक पहुंचा. परन्तु इस बीच दोनों पक्षों ने बैठकर समझौता कर लिया. घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार की रात भुरूंगिया में सरस्वती माता की प्रतिमा विसर्जन हो रहा था. इस बीच तालाब जाने के दौरान गांव का ही एक युवक बाइक लेकर अपने घर जा रहा था. डीजे बजने के कारण उसका हार्न कोई सुन नहीं पाया. उसे आगे बढ़ने में दिक्कत हो रही थी. इसी बीच गांव के ही लड़के के साथ बहस हो गयी और मारपीट हो गयी. साथ ही दोनों तरफ से पत्थरबाजी शुरू हो गयी. घायलों को तत्काल इलाज के लिए एसएनएमएमएच धनबाद भेजा गया. अभी तक किसी भी और से कोई लिखित शिकायत नहीं की गयी है.

## बाल विवाह उन्मूलन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**संवाददाता। महुदा**

बाल विवाह उन्मूलन एवं बाल यौन शौषण के खिलाफ किशोरी मंडल मंझलाडीह के सदस्यों का क्षमता विकास पर एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित किया गया.

प्रशिक्षण शिविर में किशोरी मंडल के 30किशोरियों ने भाग लिया. प्रक्षिणार्थियों को संबोधित करते हुए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि ट्रस्ट युवक एवं युवतियों को जागरूक कर समाज से बाल विवाह, बाल यौन शौषण जैसे सामाजिक कोढ़ को मिटाने का कार्य कर रही है. जागरूकता अभियान का देन है कि एक हद तक बाल विवाह के खिलाफ माहौल त्यार हुआ है. रवानी ने आगे कहा कि बाल विवाह के नाम पर बच्चियों पर शारीरिक और मानसिक शोषण किया जाता है. उन्होंने बाल विवाह अधिनियम, लैंगिक अपराध अधिनियम, सेल्फ सुरक्षा पर बालिकाओं को विस्तार से बताया. अंत में उपास्थित सभी प्रतिभागियों ने बाल विवाह मुक्त समाज निर्माण का शपथ लिया. प्रशिक्षण शिविर को ट्रस्ट के सचिव हलीमा एजाज ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 पर विस्तार से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया. उन्होंने लिंग आधारित भेदभाव एवं हिंसा को समाप्त करने के लिए कानूनी सवरुपों को बताया.

## आंखद्वारा में दो दिवसीय हरि कीर्तन का आयोजन किया गया



**संवाददाता। बलियापुर**

कलियासोल प्रखंड के आंखद्वारा पंचायत में सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय श्री हरि कीर्तन का आयोजन किया गया. आयोजन करता आंखद्वारा पंचायत के पूर्व मुखिया षष्टिपद सिंह और मुखिया जुनाकी सिंह द्वारा किया गया. पूर्व मुखिया षष्टिपद सिंह ने कहा कि सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय श्री हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है. हरि कीर्तन में रंग दल द्वारा सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया जाएगा. मौके पर बासुदेव रवानी, कन्हाई सिंह, अक्षय मंडल, वीर कुमार सिंह, कुबेर मंडल, निर्मल सिंह, पशुपति मोदी, कन्हाई रवानी, मनबोध दत्ता, मिसीर सिंह, सुरेश चंद्र दा, हेमंत सिंह मौजूद थे.

### धर्म रक्षा निधि अभियान का प्रवास कार्यक्रम शुरू

**गोविंदपुर।** हिंदू परिषद के धर्म रक्षा निधि अभियान के निमित्त धनबाद जिला ग्रामीण शाखा ने प्रवास कार्यक्रम शुरू किया है. इसके तहत गोविंदपुर नगर अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के आवास पर प्रांतीय अधिकारियों का प्रवास हुआ. ग्रामीण जिला अध्यक्ष विपिन मंडल ने बताया कि धर्म रक्षा निधि अभियान वर्ष मे एक बार होता है. जिसमें सभी कार्यकर्ता तथा अपने समाज के प्रबुद्ध वर्ग से संपर्क कर निधि समर्पण किया जाता है. यह राशि संगठन के विस्तार व गतिविधि कार्य में खर्च होता है. कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष रायपत प्रसाद, प्रांतीय संगठन देवी सिंह तथा प्रांतीय गोरक्षा प्रमुख कमलेश सिंह विशेष रूप से मौजूद थे. धर्म रक्षा निधि अभियान 20 फरवरी तक चलेगा. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपिन मंडल समेत कई कार्यकर्ताओं ने धर्म रक्षा निधि अभियान में अर्पण किया.

## 29 व एक मार्च को रद्द रहेंगी कई ट्रेनें

**संवाददाता। धनबाद**



कोहरा खत्म होने के बावजूद 28 व 29 फरवरी और एक मार्च तक कई ट्रेनें रद्द रहेंगी. रेलवे सूत्रों के अनुसार भले ही उत्तर भारत में कोहरा खत्म हो गया है, लेकिन धनबाद और गोमो से होकर चलनेवाली ट्रेनों को रद्द किया गया है. वहीं कई ट्रेनों का आंशिक समापन तो कुछ को नियंत्रित कर चलाने का निर्णय लिया गया है. यह बदलाव कोहरे को देखते हुए किया गया था, लेकिन कोहरा खत्म होने के बाद भी रेलवे के आदेश यथावत है. पूर्व के आदेश को बदला जा सकता है, लेकिन मुख्यालय के निर्देश पर ट्रेनों को चलाया जा रहा है.

एक मार्च के बाद ही ट्रेनों का परिचालन सामान्य हो सकेगा. 28 फरवरी तक टाटा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18103 टाटा-अमृतसर एक्सप्रेस, एक मार्च तक अमृतसर से चलने वाली गाड़ी सं. 18104 अमृतसर-टाटा एक्सप्रेस, 26 फरवरी तक गाड़ी सं. 22857 संतरागाछी-आनंद विहार एक्सप्रेस, 27 फरवरी तक गाड़ी सं. 22858 आनंद विहार-संतरागाछी एक्सप्रेस, 27 फरवरी तक गाड़ी सं. 15662 कामाख्या-रांची एक्सप्रेस, 28 फरवरी तक गाड़ी सं. 15661 रांची-कामाख्या एक्सप्रेस रद्द रहेगी. गाड़ी सं. 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस प्रत्येक मंगल, गुरु एवं शनिवार को और गाड़ी सं. 12987 सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस प्रत्येक बुध, शुक्र एवं रविवार को रद्द रहेगी. ट्रेन नंबर 12873 हटिया आनंद विहार स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 29 फरवरी तक रद्द रहेगी. ट्रेन नंबर 12874 आनंद विहार-हटिया स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 01 मार्च तक रद्द रहेगी. 23 फरवरी तक गाड़ी सं. 12177 हावड़ा-मथुरा जंक्शन चंबल एक्सप्रेस ट्रेन आगरा कैंट और मथुरा जंक्शन के बीच रद्द रहेगी. वहीं 26 फरवरी तक गाड़ी सं. 12178 मथुरा जं. हावड़ा चंबल एक्सप्रेस तक मथुरा जं और आगरा कैंट के बीच रद्द रहेगी.

### नवयुवक समिति ने किया भगवती जागरण

**गोविंदपुर।** श्री श्री नवयुवक समिति नतुनडीह कंगालो ने शनिवार रात भगवती जागरण का आयोजन किया. इसका उद्घाटन आप पार्टी के प्रदेश संयोजक डीएन सिंह एवं नितेश गोप ने किया. सिंह ने इस आयोजन के लिए समिति की सराहना की. समिति अध्यक्ष महादेव मंडल एवं सचिव प्रताप जसवार ने सभी का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि इस गांव में गायत्री यज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा. मौके पर जय हो ग्रुप सुदेश सिंह एंड पार्टी ने देर रात तक माता का एक से एक भजन प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. जय अंबे, जय भवानी, जय अंबे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी आदि प्रस्तुति पर श्रोता झूम उठे. मौके पर तारापद कुमार, अशोक राय, नरेश राय, बलराम राय, प्रदीप राय, रामचंद्र राय, मुकेश कुमार, राजा राय, सुशीला देवी मौजूद थे.

**यूनियन** झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के सदस्यों की महुदा में हुई बैठक

## बोर्ड दिये निर्देशों की अवहेलना कर रहा है : संजय

**संवाददाता। महुदा**



झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के सदस्यों की एक बैठक महुदा मोड़ में रविवार को संजय पासवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में अपनी मांगों को लेकर सदस्यों ने 20 फरवरी से श्रम कार्यालय रांची में अनिश्चितकालिन घेराव सह प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया.

बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पासवान ने कहा कि 18 दिसम्बर को श्रमायुक्त सह अध्यक्ष भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के रांची स्थित कार्यालय में वार्ता हुई थी. जिसमें श्रमिकों की समस्या पर विचार कर समाधान की बात कही गयी थी. किंतु अभी तक इस संबंध में कोई पहल नहीं की गयी है. उन्होंने कहा कि बोर्ड भारत सरकार के निर्देशों की अवहेलना कर रहा है. जिस कारण अन्त्येष्टि सहायता, मृत्य/दुर्घटना सहायता, परिवारिक पेंशन लाभ, चिकित्सा सहायता, विवाह सहायता, मातृत्व प्रसुविधा योजना, पेंशन योजना, छात्रवृति योजना, साईकिल सहायता योजना आदि कल्याणकारी योजनाएं तीन वर्षों से राज्य के प्रत्येक जिला में लंबित है. प्रत्येक जिला में लगभग दो लाख आवेदन लंबित हैं.

श्रमिकों को लग रहा है कि अब लाभ नहीं मिलेगा. इसलिए बोर्ड कार्यालय द्वारा तरह तरह का बहानेबाजी कर मजदूरों को दौड़ाया ज रहा है. जिस कारण निबंधित श्रमिक अपने आप को ठगा महसुस कर रहे हैं. भारत सरकार के आदेश के आलोक में ऑफ लाइन निबंधित श्रमिकों का डाटा बेस बनाकर ऑनलाइन में किया जाना था. इसमें भी अभी बहुत सारी त्रुटी है. इनहीं सब मांगों को लेकर यूनियन 20 फरवरी से श्रम कार्यालय के समक्ष अपना अनिश्चिकालिन आंदोलन प्रारम्भ करेगा. मौके पर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के महासचिव संजय पासवान, कोषाध्यक्ष प्रतिक मिश्रा, अलफ्रेड खलको, शैलेन्दर सिंह, सिंधु सिंह, साधु महतो मौजूद थे.

**करेंगे आंदोलन**

- 20 फरवरी से श्रम कार्यालय रांची में घेराव का निर्णय
- प्रत्येक जिले में लगभग दो लाख आवेदन लंबित हैं

## वायरल वीडियो को लेकर हुई बैठक

**संवाददाता। महुदा**



महुदा बाजार में पिछले दिनों धार्मिक उन्माद फैलाने वाले वायरल हुए एक वीडियो को लेकर रविवार को महुदा थाना परिसर मे प्रभारी योगेश कुमार महतो की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक में सदस्यों ने घटना की निंदा करते हुए आपस में मिलजुल कर रहने एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने की बात कही.

घटना के लिए जिम्मेवार लड़कों के परिजन ने समाज के सामने क्षमा याचना की. बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि मामले को लेकर कानून अपना काम करेगा. लेकिन क्षेत्र में लोगों के बीच सांप्रदायिक सौहार्द बना रहना चाहिए. इसीलिए बैठक का आयोजन किया गया. दोनों पक्ष के लोग मिलजुल कर भाईचारे के साथ जैसे पहले रहते थे, वैसे ही रहें. अन्त में उपस्थित सदस्यों ने धनेश्वर महतो के नेतृत्व मे थाना प्रभारी योगेश कुमार महतो व पुलिस निरीक्षक अलयूनिस इन्दवार को शॉल समर्पित कर सम्मानित किया गया और अधिकारी द्वय के कार्यप्रणाली की प्रसंशा की गयी. फिर सभी आपस म एक दूसरे के गले मिले. मौके पर महुदा अंचल पुलिस निरीक्षक अलविनुश इंदवार, विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, शिबु महतो, मुखिया बदरूद्दीन अंसारी, महेश कुमार पटवारी, सुर्यकांत महतो, दिनेश महतो, संपद घोषाल, रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी, कैलाश रवानी, पंसस रूपदेव रवानी, सुभाष चन्द्र महतो, दिलखुश अंसारी, संतोष महतो मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### मायके आई महिला की करंट लगने से मौत

**बेरमो।** गोमिया थाना क्षेत्र के स्वांग पुराना माइंस में रविवार को करंट लगने से एक महिला पूनम देवी (32 वर्ष) की मौत हो गई. वह कुछ दिन ही पहले ही अपने मायके स्वांग आई थी. बताया गया कि पूनम देवी अपने तीन बच्चों के साथ अपनी मां पारो देवी से मिलने आई थी. पिता जगदीश भुइयां की पहले ही मौत हो चुकी है. पति राजू भुइयां अपने घर कतरास में थे. रविवार को पूनम देवी कपड़ा सुखाने के लिए टंगने पर पसार रही थी. इसी दौरान बिजली तार के संपर्क में आ गई. उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने बिजली का कनेक्शन कटवाया.

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल के आईईएल थाना के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी. युक की पहचान गोमिया प्रखंड के होसिर गोरिया टोला निवासी सूरज रविदास उर्फ टिंकु 20 वर्ष के रूप में हुई है. पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. घटना के संबंध में सूरज के पिता गणेश रविदास ने बताया कि सूरज अपने कर्री गांव के मित्रों के साथ बसंत पंचमी का मेला देखने पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोनियाटो गांव गया था.

### जेल अदालत का किया गया आयोजन

**तेनुघाट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के मार्गदर्शन में रविवार को तेनुघाट जेल में बंदियों के बीच जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. इस जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रथम श्रेणी न्यायायिक दंडाधिकारी रूपम स्मृति टोपनो ने बंदियों को कानून की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि जहां अधिकार है वहीं कर्त्तव्य भी है. रोड पर चलना जहां आपका अधिकार है वहीं बाएं ओर चलना आपका कर्तव्य है. इसलिए आपको अधिकार के साथ ही साथ कर्त्तव्य का भी पालन करना चाहिए.

### डुमरी : युवक ने फंदे पर झूलकर जान दे दी

**डुमरी।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के बिशनपुर निवासी 32 वर्षिय साहेब राम मांझी अपने साढ़ू के घर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. मृतक के परिजनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच करने कीअपील की है, जबकि मृतक की पत्नी मालती किस्कू ने डुमरी पुलिस को आवेदन देकर अपने पति के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही है. पुलिस ने रविवार को शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करके शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया.

### बोकारोः मेडिटेशन कोर्स का समापन

**बोकारो।** आर्ट ऑफ लिविंग बोकारो चैप्टर के द्वारा रविवार को आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर सेक्टर 4 स्थित कृपा भवन में एडवांस मेडिटेशन कोर्स का समापन हुआ. इस मेडिटेशन शिविर में बेंगलुरु आश्रम से आए गुजरात के शिक्षक स्वामी प्रदीप ने विशेष रूप से हिस्सा लिया. जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के 30 से अधिक अनुयायियों ने भाग लिया. इस दौरान विनोद गुप्ता एवं शिक्षक मल्लिका दे की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ. मौके पर स्वामी प्रदीप ने कहा कि ध्यान के बहुत फायदे हैं. ध्यान की उपासना से शारीरिक मस्तिक का मूल दर्शन हो जाता है.

---

### रुक्मिणी देवी एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी के नवर्निमित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू

# कलश यात्रा में 500 श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, लगाए जयकारे

**संवाददाता। बेरमो**



रुक्मिणी देवी एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी, फुसरो के द्वारा नवर्निमित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पांच दिवसीय कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ. कलश यात्रा बनारस से आये हुए यज्ञाधीश आचार्य श्रवण पांडेय, यज्ञाचार्य आचार्य श्याम सुंदर पाण्डेय, वेदाचार्य पंडित रोहित कुमार पांडेय (वाराणसी), पंडित शुभम कुमार पांडेय (अयोध्या), पंडित सचित कुमार पांडेय (श्री धाम वृन्दावन) की देखरेख में संपन्न हुई. रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) से निकलकर नया रोड, फुसरो से होकर दामोदर तट पहुंचने के बाद दामोदर नदी से जल कलश में भरकर रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल (सीनियर विंग) पहुंची. भगवान शिव के इस प्राण प्रतिष्ठा में विद्यालय के आस-पास के लगभग 500 श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर बेरमो प्रखण्ड प्रमुख गिरिजा देवी, थाना प्रभारी बेरमो अशोक कुमार, भाजपा नेता दिनेश कुमार सिंह, शक्ति सिंह, अमन बर्णवाल, विद्यालय के निदेशक रंजीत भारती, प्राचार्या गीता भारती, उपप्रचार्य गुरुचरण महतो, आनंद किशोर समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### भूतेश्वर नाथ मंदिर से निकली कलश शोभा यात्रा

**साहिबगंज।** बरहेट प्रखंड के बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर से पंडित, ब्राह्मण व पुरोहित के साथ रविवार को सैकड़ो महिलाओं व पुरुषों ने भूतेश्वर नाथ मंदिर के घाट में स्नान कर मंदिर से कलश शोभा यात्रा निकाला. यात्रा बाजार का भ्रमण करते हुए शिव गादीधाम पहुंची, जहां देवी देवताओं का प्राण प्रतिष्ठा होना है. शिव गादीधाम बरहेट से 6 किलोमीटर उत्तर पहाड़ के कंदराओं में अवस्थित है, जहां प्रत्येक सावन में जल अभिषेक के कई क्षेत्रों से श्रद्धालु आते हैं.

### कलश यात्रा के साथ बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के बगदा (अजैया टोला) स्थित नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में पांच दिवसीय बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ रविवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ. कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां व पुरुष शामिल हुए. जबकि स्थानीय विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिला बीस सूत्री समिति के पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक व विधायक की धर्मपत्नी कौशल्या देवी मुख्य रूप से शामिल थे. मंदिर परिसर से कलश यात्रा शुरू हुई, जो



अजैया, मुंगो, पुरनी बगियारी आदि गांव होते हुए निकटवर्ती छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंची. खांजो नदी में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरने के बाद वापस लौट कर यज्ञ स्थल में सभी कलश को स्थापित किया गया. मौके पर विधायक डॉक्टर लंबोदर ने कहा कि अजैया में बजरंगबली मंदिर का निर्माण एवं यज्ञ के आयोजन से आध्यात्मिक विकास होगा. इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सिद्धेश्वर प्रजापति, संरक्षक अशोक कुमार प्रजापति, गिरधारी महतो व ठाकुर प्रजापति ने बताया कि 18 फरवरी को कलश यात्रा के साथ यज्ञ शुरू होगा.

---

### स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बैठक, हेमंत की गिरफ्तारी से है आक्रोश

# झामुमो निकालेगा न्याय यात्रा

**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**



गावां प्रखंड कमेटी, जेएमएम की बैठक पार्टी कार्यालय में रविवार को प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी उपस्थित रहे. बैठक में गिरिडीह में पार्टी के 51वें स्थापना दिवस (4 मार्च) को ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया गया. स्थापना दिवस कार्यक्रम में गावां प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया. बैठक में विनय सिन्हा, मो एजाज, मो मंसूर, प्रदीप सिंह, जमीला खातून, जयदेव सिंह, अशोक दास, मंजूर आलम, सोनू कुमार, बिशन मुर्मू, अजय शर्मा, मो इसराईल, नसीम खान, सोमर राय समेत कई लोग उपस्थित रहे.

**हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ सभी गांवों में निकाली जायेगी न्याय यात्रा :** बैठक में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ हर पंचायत में न्याय यात्रा निकालने पर विचार विमर्श किया गया. पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि भाजपा के इशारे पर एक साजिश के तहत ईडी ने हेमंत सोरेन को फर्जी जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया है. अभी तक ईडी इस जमीन घोटाले का कोई सबूत नहीं दे पायी है. कहा कि हेमंत सोरेन जनता के हित में काम कर रहे थे. राज्य के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे थे. लेकिन उनके कार्यों को देखकर भाजपा सरकार घबरा गयी और साजिश के तहत उन्हें गिरफ्तार करवाया. कहा कि आम जनता को न्याय यात्रा के जरिये इस साजिश के बारे में बताया जायेगा. न्याय यात्रा सभी गांवों में निकाली जायेगी. जिसकी तैयारी कर ली गयी है.

### न्याय दिवस के रुप में मनेगा झामुमो का 51वां स्थापना दिवस

**गांडेय (गिरिडीह)।** झामुमो गांडेय प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को स्थानीय हाई स्कूल मैदान में हुई. अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी ने की. मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप मंडल ने कहा कि 4 मार्च को जिले में पार्टी का 51वां स्थापना दिवस न्याय दिवस के रूप में मनाया जायेगा. इस मौके पर न्याय यात्रा निकाली जाएगी. उन्होंने कार्यकर्ताओं से न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाने की अपील की. स्थापना दिवस समारो में गांडेय प्रखंड से हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरफ्तारी के खिलाफ हर पंचायत में न्याय यात्रा निकालने पर विचार-विमर्श किया गया. दिलीप मंडल ने कहा कि ईडी ने



भाजपा व केंद्र सरकार के इशारे पर साजिश के तहत हेमंत सोरेन को फर्जी जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया है. जिस 8.5 एकड़ जमीन घोटाले की बात कही जा रही है, उसका कोई प्रमाण नहीं है. अभी तक इस मामले में ईडी ने कोई सबूत नहीं पेश किया है. आम जनता को न्याय यात्रा के जरिये हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के पीछे की साजिश से अवगत कराया जाएगा. बैठक में जिप सदस्य प्रतिनिधि गोपिन मुर्मू, बबली मरांडी, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष राजेश सिंह, परमेश्वर मुर्मू, प्रमोद राम, नसीम अंसारी, हलधार राय, विकास पाठक आदि उपस्थित थे.

### हेमंत की रिहाई तक नंगे पांव रहेंगे सुरेश मरांडी

**तिसरी (गिरिडीह)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 51वें स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर रविवार को तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित अग्रवाल उच्च विद्यालय के पुराने भवन परिसर में झामुमो प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल और संचालन सिमोन मुर्मू ने किया. जबकि मुख्य रूप से 20 सूत्री अध्यक्ष मो. मुनीमुद्दीन उपस्थित थे. इस दौरान झामुमो के 51वें स्थापना दिवस को लेकर 4 मार्च को गिरिडीह में आयोजित कार्यक्रम में तिसरी से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई. साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने को लेकर आक्रोश भी दिखा. मौके पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे रिंकू बर्णवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा षड्यंत्र कर ईडी की जांच बिठा कर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया. जिसके विरोध में 4 मार्च को पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर आक्रोश रैली निकाली जाएगी. उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा चलाए गए अबुआ आवास योजना, सर्वधन पेंशन योजना, 50 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं के लिए पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं भाजपा को नहीं पच रही है, जिसके कारण षड्यंत्र रचकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा एक आंदोलनकारी पार्टी है यह भाजपा की षड्यंत्र को कभी कामयाब नहीं होने देगी.

---

## न्यूज अपडेट

### नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का हुआ समापन



**बेरमो।** गोमिया प्रखंड के स्वांग न्यू माईनर्स स्थित श्री श्री भगवती देवी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में पिछले नौ दिनों से चल रहे शतचंडी महायज्ञ का समापन रविवार को पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया. महायज्ञ के पूर्णाहुति कार्यक्रम को पंडित अवध किशोर शास्त्री एवं अन्य पंडितों द्वारा संपन्न कराई गई. महायज्ञ के अंतिम दिन पूर्णाहुति सह कन्या पूजन व भंडारा का कार्यक्रम किया गया. वहीं भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने के लिए आस पास के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. बताते चलें कि 10 फरवरी से 17 फरवरी तक प्रतिदिन संध्या बेला विद्वानों के द्वारा भक्तिभाव से ओतप्रोत प्रवचन का कार्यक्रम किया गया. साथ में भक्ति संगीत कार्यक्रम भी आयोजन किया गया था. इस दौरान पूजा अर्चना, हवन,महाआरती, प्रसाद वितरण आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया. वहीं यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े थे. महायज्ञ के सफल संचालन एवं भंडारा कार्यक्रम में पूर्व मुखिया बिनोद पासवान, रासबिहारी सिंह समेत अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा.

### चुनाव को लेकर डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण

**बोकारो।** लोकसभा चुनाव 2024 कार्य के सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने रविवार को ईवीएम डिस्पैच, ईवीएम रिसिविंग एवं काउंटिंग कार्य को लेकर विभिन्न भवनों का निरीक्षण किया. मौके पर अपर नगर आयुक्त सौरव भुवानिया, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, जिला उप निर्वाचन धीरेंद्र कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सफीक आलम, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क आदि उपस्थित थे. इस क्रम में डीसी व एसपी ने बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल को ईवीएम डिस्पैच सेंटर, सामग्री कोषांग संचालन को लेकर चिन्हित किया.

### इंडियन बैंक की पथरा शाखा में चोरी का प्रयास

**गोड्डा।** गोड्डा-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर नगर थाना क्षेत्र के पथरा स्थित इंडियन बैंक की शाखा में शनिवार की रात चोरों ने चोरी का प्रयास किया. चोर कमरे की दीवार काटकर अंदर घुसे और गैस कटर से लॉकर काटने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए. शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम काम खत्मकर सभी कर्मी अपने घर चले गए. रविवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर वह बैंक पहुंचे और जानकारी ली. प्रारंभिक तौर पर देखने से बैंक को किसी तरह के नुकसान की आशंका नही है. सभी चीजों का मिलान किया जा रहा है. चोरों ने हाइड्रोजन गैस का बड़ा सिलेंडर अंदर ले जाकर लॉकर को गैस कटर से काटने का प्रयास किया है. बड़ा सिलेंडर उठाकर ले जोन में 4 आदमी लगे होंगे. ऐसे में चोरों की संख्या कम से कम 6 रही होगी. रविवार को बंदी का दिन होने की वजह से चोरों की मंशा दूसरे दिन भी लॉकर काटने की रही होगी, लेकिन ग्रामीणों ने बैंक के पिछले हिस्से की दीवार में छेद देख इसकी सूचना देकर उनके मसूबों पर पानी फेर दिया. एसडीपीओ जेपीएन चौधरी और प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव ने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की. डीएसपी ने बताया कि बैंक में रात में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था नहीं है.

### सर्वजन पेंशन के लाभ के लिए जमा कराएं आवेदनः प्रदीप



**गोड्डा।** राज्य के वैसे सभी जरूरतमंद जिनकी उम्र पचास वर्ष हो चुकी है उन सभी स्त्री और पुरुषों को पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा किया गया है. इसके लिए चंपाई सोरेन सरकार धन्यवाद के पात्र हैं. विधायक प्रदीप यादव रविवार को अपने आवास पर मीडिया से बात कर रहे थे. उन्होंने कहा कि वैसे तमाम लाभार्थी जो निर्धारित योग्यता को पूरा करते हैं, उन्हें पेंशन का लाभ दिया जाएगा. यह योजना सभी वर्गों के लिए है। इसमें किसी तरह का कोई आरक्षण नहीं है. तमाम लोगों को इसका लाभ मिलना है. जो आवेदक इसका लाभ लेना चाहते हैं उन्हें अपने-अपने प्रखंड में जाकर आवेदन देना होगा. इसके लिए तीन दिवसीय कैंप 20 फरवरी से 22 फरवरी तक लगा रहेगा. आवेदन जमा लिए जाने के बाद प्रक्रिया के अंतर्गत चयन होने पर सभी को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा. श्री यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत भले ही जेल में बंद कर दिया गया हो, लेकिन उनके द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यक्रम अनिवार्य रूप से चलते रहेंगे, जिसका लाभ यहां के गरीब आदिवासी हरिजनों को मिलता रहेगा. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जल्द ही जेल से बाहर आएंगे और फिर राज्य का विकास कार्य और तीव्र गति से होगा.

---

# सांसद व विधायक ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास



**संवाददाता। तेनुघाट**

पेटरवार प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को गिरीडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कई विकास योजना का शिलान्यास संयुक्त रूप से किया. पेटरवार प्रखंड के गोमिया थाना चौक, मोदी टोला, जोडा महुआ, चिपुदाग, रांगामाटी, केन्दुआटांड मोड़, ओरदाना चौक सहित विभिन्न पंचायतों में करोड़ो की लागत से बनने वाले लगभग 16 विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया. शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व गोमिया विधायक का स्वागत भव्य रूप से लोगों के द्वारा गुलदस्ता देकर किया गया व फुलों का माला पहनाकर अभिनंदन किया. इस मौके पर सांसद चौधरी ने कहा कि सरकार का विकास योजना का लाभ गांवो तक पहुंचा कर इस का लाभ अंतिम लोगों पहुंचे तभी समाज और देश का विकास होगा. इस मौके पर पार्टी के सभी सक्रिय कार्यकर्ता व पदाधिकारी, मुखिया पंचायत समिति सदस्य सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

# बारात में आये बुजुर्ग का शव कुएं से बरामद

**संवाददाता। बोकारो**

जिले के कसमार थाना क्षेत्र स्थित बगदा गांव में बिहार से बारात में आये बुजुर्ग का शव कुएं से बरामद हुआ है. मृतक की पहचान नालंदा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के अमवा गांव निवासी परमेश्वर सिंह (75 वर्षीय) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, बगदा पंचायत की मुखिया की बेटी की शादी थी. उक्त बुजुर्ग इस शादी में बाराती के रूप में आया था. रात में शादी की रस्मों के बाद सभी बाराती अपने घर निकल गये थे. बगदा दास टोला के सामने वाले कुएं में जब एक ग्रामीण रविवार सुबह पानी लेने गया तो कुएं के अंदर शव को उपलता देखा. कुएं से शव मिलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गयी. इसके बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी.

**मौत की खबर से खुशी मातम में बदली :** ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. सूचना पाकर कसमार थाना प्रभारी उज्ज्वल पांडेय, एसआई रमेश बर्णवाल समेत अन्य घटनास्थल पर पहुंचे और कुएं से शव को निकाला. कसमार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चास अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया. पुलिस को कुएं से कुछ दूरी पर एक गमछा और बीयर की बोतल भी मिली है.

काफी देर तक बुजुर्ग की पहचान नहीं हो पा रही थी. इसी बीच विवाह समारोह में आये एक ग्रामीण ने उनकी पहचान की. सूचना के बाद कुछ बाराती वापस लौटे और शव की पहचान परमेश्वर सिंह के रूप में की. इधर मौत की खबर सुनकर विवाह समारोह में शामिल घरवालों की खुशी मातम में बदल गयी.



**खास बातें**

- रविवार सुबह ग्रामीणों ने कुएं में शव को तैरता देखा
- बिहार के नालंदा जिले के रहनेवाले थे परमेश्वर सिंह

---

**मनमानी** | अभिभावकों की जेब हो रही ढीली, वसूले जा रहे हैं तरह - तरह के शुल्क

# धड़ल्ले से चल रहे हैं गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय

**आदित्य कुमार। गावां (गिरिडीह)**



प्रखंड के विभिन्न इलाकों में दर्जनों विद्यालय बिना मान्यता के ही धड़ल्ले से चल रहे हैं. इन विद्यालयों में मनमानी फीस व तरह-तरह के शुल्क लिए जा रहे हैं. इससे बच्चों के अभिभावकों की जेबें ढीली हो रही हैं. आला अधिकारियों द्वारा नोटिस भेजकर खानापूर्ति कर दी जा रही है. शासनादेश जारी होने के बाद भी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकी है. गावां प्रखंड में बेसिक शिक्षा से संबद्ध सरकारी विद्यालय छोड़ आधा दर्जन विद्यालय ही मान्यता प्राप्त विद्यालय हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराने के नाम पर दर्जनों गैर मान्यता प्राप्त कान्वेंट स्कूलों का कारोबार खूब फल फूल रहा है. शासन की तरफ से गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने का फरमान जारी किया गया है. प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को ऐसे विद्यालयों को चिह्नित करने की जिम्मेदारी दी गई है. लेकिन कागज पर ही कार्रवाई कर खानापूर्ति कर दी जा रही है. कई स्कूल मानक पर कहीं से खरा नहीं उतर रहे हैं, लेकिन मनमानी फीस वसूल रहे हैं. छात्र छात्राओं का नाम किसी अन्य सरकारी स्कूलों में चलता है. ग्रामीणों का माने तो प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का नामांकन कर गैर सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ा रहे हैं.

सरकारी स्कूलों में बच्चों को प्रतिदिन मिलने वाली मध्याह्न भोजन का पैसे भी बच रहे है. सरकारी विद्यालयों में बच्चों का हाजरी अधिक दिखाया जाता है जबकि बच्चो की संख्या काफी कम होती है. जब कभी कभार वरीय अधिकारियों से जांच होने की सूचना मिलती है तो बच्चों को पकड़कर विद्यालय लाया जाता है और फिर दूसरे दिन से गैर सरकारी स्कूलों में जाने लगते है. गावां प्रखंड क्षेत्र के गावां, पटना, माल्डा, पिहरा, निमाडीह, खरसान, नगवां सहित विभिन्न इलाकों में दर्जनों गैर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालित हो रहे हैं. यहां मानक के अनुरूप भवन तक नहीं हैं. यह तो एक बानगी है. प्रखंडों में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय चल रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से चिह्नित तक नहीं किया जा सका है.

**खास बातें**

- नोटिस भेजकर खानापूर्ति कर रहे हैं आला अधिकारी
- बच्चों से वसुली जा रही है मनमानी फीस

# अस्पताल भवन बनाने के लिए जमीन का निरीक्षण किया

**संवाददाता। साहिबगंज**



बरहेट प्रखंड में 50 बेड के अस्पताल का निर्माण कराया जाना है, जिसके लिए ऐसे जमीन की तलाश की जा रही है, जहां क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाने में आसानी हो. रविवार को जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका किस्कू के निर्देश पर अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट के समीप एक खाली सरकारी जगह का निरीक्षण किया गया, जिसके भौतिक सत्यापन की कार्रवाई के लिए अंचल निरीक्षक इम्तियाज अली को निर्देश दिया गया. इस संबंध में जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका किस्कू ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि इस अस्पताल का निर्माण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट के ही निकट हो, ताकि तत्काल अस्पताल कर्मी के माध्यम से ही आमजनों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया जा सके,उक्त अस्पताल के सीएचसी से बहुत दूर निर्माण होने पर अतिरिक्त अस्पताल कर्मी के आभाव में आमजनों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाने में कठिनाई हो सकती है. मौके पर समाजसेवी एजाज अंसारी, इंफ्राजॉन कंपनी के कनीय अभियंता अजीत कुमार, सीएचसी बरहेट के प्रबंधक चंदन कुमार, पंसस रेजाउल रहमान, शमशेर अली, नईमुद्दीन अंसारी, सहित अन्य लोग मौजूद थे.

एनएच पर एक लेन में अंडरपास का निर्माण कार्य बीच में ही अधूरा छोड़ दूसरे लेन पर शुरू कर दिया गया काम

# नियमों को ताक पर रख कर हो रहा सिक्स लेन का निर्माण

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड के बराकर पुल से लेकर डाकबाबा चौपारण तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिक्स लेन का निर्माण कार्य किया जा रहा है. लेकिन, कंस्ट्रक्शन कंपनी नियम-कानून को ताक पर रख कर काम कर रही है. जीटी रोड पर निर्माण कार्य व्यवस्थित ढंग से नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिसमें कई लोग अपनी जान गंवा देते हैं या घायल होकर शरीर के किसी हिस्से से लाचार तक हो जाते हैं.

इसका मुख्य कारण है कि एनएचएआई द्वारा रिलायंस कंपनी को निर्माण कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी. लेकिन, अपने दायित्वों का निर्वहन खुद न कर पेटी पर राजकेशरी कंस्ट्रक्शन को काम करने दे दिया गया. सड़क निर्माण की कार्यकुशलता ठीक नहीं रहने के कारण पेटी कॉन्ट्रैक्टर कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया था. लेकिन, राजकेशरी कंस्ट्रक्शन कंपनी का नाम बदल कर काम करता ही रहा. निर्माण कार्य में कार्यकुशलता नहीं होने के कारण सड़क पर जहां-तहां खुदाई कर दी जाती है और फिर पूरा काम किये बगैर दूसरे जगह पर काम शुरू कर दिया जाता है. एक तरफ आधा-अधूरा काम करने के कारण सड़क पर आवागमन करने में राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है.



## राहगीर परेशान

- तीन साल में भी पूरा नहीं हो सका अंडरपास का निर्माण
- स्थानीय लोगों एवं राहगीरों को हो रही काफी परेशानी

इसी कड़ी में सिंघरावां मोड़ पर एक तरफ चौपारण से बरही जाने वाले लेन में अंडर पास का काम शुरू हुए लगभग तीन वर्ष होने को हैं, पर काम अब तक अधूरा ही है. वहीं, इस काम को पूरा किए बगैर दूसरी लेन में काम शुरू कर दिया है. इससे स्थानीय लोगों के अलावा राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है. वहीं सिंघरावां मोड़ के कार्य स्थल पर संचालित होटल एवं दुकानों के सामने बाइक खड़ी कर दुर्घटना को आमंत्रित किया जा रहा है. लेट लतीफी और नियम को ताक पर रख काम करने वाले राजकेशरी कंस्ट्रक्शन के अधिकारियों से संपर्क करने के लिए मोबाइल पर फोन किया गया, पर कॉल रिसीव नहीं हुआ.

## उत्तरी छोटानागपुर अपडेट

### पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन के साथ एक गिरफ्तार

**कोडरमा।** भ्रूण हत्या के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबकि, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत बिशुनपुर रोड में छापेमारी की. इस क्रम में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, सीओ कोडरमा कमल किशोर, डॉ मनोज कुमार की उपस्थिति में पवन कुमार यादव के बिशुनपुर रोड स्थित आवास पर छापा मारा गया. छापेमारी के दौरान आवास से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, डेबिट कार्ड, विभिन्न बैंकों के पासबुक, चेक व मोबाइल जब्त किए गए. मौके से पवन कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपी के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही थी.



### किसान संगोष्ठी में बताए उन्नत कृषि के गुर

**विष्णुगढ़।** प्रखंड अंतर्गत जोबर पंचायत सचिवालय में रविवार को कृषि विभाग व आत्मा के सौजन्य से किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस दौरान प्रशिक्षक ने किसानों को फसल लगाने से पूर्व बरती जाने वालीं सावधानियां एवं उन्नत खेती कर पैदावार बढ़ाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी. मिट्टी जांच, उन्नत किस्म का बीज, फसल चक्र पद्धति, जैविक खाद का इस्तेमाल करने का तरीका व जल प्रबंधन करते हुए कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने के विभिन्न तरीके बताए गए. प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड कुसुम योजना, सिंचाई के लिए मोटर पंप और सोलर पंप के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने की जानकारी किसानों की दी. फलदार पौधे जैसे आम, नींबू तथा भिंडी, करेला, कद्दू और अन्य रबी फसलों के उत्पादन में बढ़ोतरी के टिप्स दिए गए. मौके पर प्रशिक्षक संजय कुमार, एटीएम सुशील कुमार, बीटीएम उमेश कुमार, कृषक मित्र गोविंद कुमार महतो, घनश्याम महतो, मुखिया चेतलाल महतो, पंसस कैलाश महतो, नारायण महतो, सुखलाल महतो, शिवदयाल महतो, उप मुखिया दौलत महतो, जितन सोरेन, किशुन सोरेन, मोहन महतो, तुलसी सिंह रजनी, खिरोधर महतो, विनोद महतो, हेमंती देवी, खूबलाल महतो, जीवाधन महतो, किशुन महतो समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे.

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने लिया जीत का संकल्प

**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल की बैठक पंचायत भवन बादम में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता में हुई. मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष दानिश खान के नेतृत्व में लोगों ने संकल्प लिया कि आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक समुदाय तन, मन, धन से सहयोग कर केंद्र में मोदी सरकार एवं प्रदेश में भाजपानीत सरकार बनाएंगे. साथ ही भाजपा को प्रचंड जीत दिलाएंगे. पर बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष दानिश खान, भाजयुमो अध्यक्ष नितेश कुमार, रवि कुमार दांगी, अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष सलमान जामिया, इंजमाम उल हक, सलीम अंसारी, महामंत्री दिलदार हुसैन, केसर इकबाल, मंत्री सोहेल अकरम, सोहेल असगर, सलमान हैदर, मो खालिद, सलमान हैदर, असद गालिब, भागीरथ ठाकुर, नीरज कुमार दास, सुरेश पासवान, चिंतामणि वर्मा, महावीर राम, अरविंद, कृष्ण, सूरज, रोहित, संजय, अनिल, सुमित समेत कई लोगों उपस्थित थे.

### ब्रह्मर्षि समाज का वनभोज सह मिलन समारोह 22 को

हजारीबाग। स्वतंत्रता सेनानी एवं किसानों के मसीहा स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती को स्वामी सहजानंद सेवा संस्थान, हजारीबाग द्वारा समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया. इसे लेकर संस्थान द्वारा शहर के दीपुगढ़ा स्थित मुकेश सिंह के आवासीय परिसर में संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई. इस दौरान ब्रह्मर्षि समाज के लोगों ने समारोह की रूपरेखा तैयार की. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 फरवरी को झील के पास ब्रह्मर्षि समाज के सभी लोग जुटेंगे और स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती मनाएंगे. इस दौरान ब्रह्मर्षि समाज का वनभोज सह मिलन समारोह का भी आयोजन किया जाएगा. समारोह का संयोजक मुकेश सिंह को बनाया गया है. बैठक में ब्रह्मर्षि समाज के कन्हैया शर्मा, डॉ. आनंद कुमार शाही, दिनेश्वर सिंह, सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, कौशल किशोर सिंह, जीतनाथ कुमार सिंह, राजू कुंवर, सुबोध सिंह, इंजीनियर अमन कुमार, शशि किशोर शर्मा, राधेश्याम शर्मा, विजय कुमार शर्मा, ब्यास भूषण देव शर्मा, अशोक कुमार, रामकृष्ण शर्मा, पंडित रमेश शर्मा, कन्हैया कुमार सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे.

## ब्रीफ खबरें

### बाइक की डिक्की से 1,10,000 नगद चोरी

**बड़कागांव।** थाना क्षेत्र में मुख्य चौक से दिनदहाड़े बाइक की डिक्की से 1,10,000 नकद और कागजात की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है. घटना बीते शनिवार दोपहर की बताई जा रही है. इस संबंध में पीड़ित सिकरी गांव निवासी राजेश कुमार गुप्ता ने बड़कागांव थाना मे आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. भुक्तभोगी ने आवेदन में कहा है कि 17 फरवरी को बैंक आफ इंडिया बड़कागांव शाखा से 1,10,000 रुपये निकासी कर पैसों से भरा बैग बाइक की डिक्की में रख दिया था. इसके बाद मुख्य चौक स्थित संजय होटल के बगल में नाश्ता करके लौटा तो, डिक्की में बैग नहीं था. उसने बताया है कि बैग में नकद के अलावा सहारा इंडिया का 21 ओरिजिनल बॉन्ड और रसीद, पैन कार्ड व आधार कार्ड भी रखा था.

### जेईई मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन, छात्र सम्मानित

**रामगढ़।** जेईई मेन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर तीन विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया. लीला जानकी पब्लिक स्कूल रघुनाथपुरम पेटरवार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था. जेइइ मेन परीक्षा में सफल विशाल मेहता, बादल कुमार व आकाश बनर्जी को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया. निदेशक नीरज कुमार सिन्हा व प्रधानाध्यापक अमर प्रसाद ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने जेइइ मेन की परीक्षा शानदार प्रदर्शन कर अपने परिजनों और विद्यालय का नाम रोशन किया है. निदेशक ने इन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है. बता दें कि जेइइ मेन की परीक्षा में विशाल मेहता 99.82 परसेंटाइल के साथ झारखंड के तीसरा टॉपर बने हैं.

### डीएचएन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बने जियाउल

**रामगढ़।** नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (डीएचएन) के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अबू तालीम द्वारा मायल चितरपुर निवासी मो. जियाउल अंसारी को गोला, दुलमी व चितरपुर का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया गया है. यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर मो. जियाउल ने सभी वरीय पदाधिकारियों का आभार जताया है. उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेवारी सौंपी है, उसपर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा. बधाई देनेवालों में मुस्ताक अंसारी, रहमत अंसारी, हमीद अंसारी, मजीद अंसारी, सादाब खान, अमजद अली, साहिल खान, रमीज राजा, तौफीक अंसारी, याकूब अंसारी, मोअज्जम खान, अरमान अंसारी, आरिफ अंसारी, तबरेज अंसारी सहित अन्य लोग थे.

देखरेख व रखरखाव के अभाव में स्वच्छ भारत मिशन का सपना हो रहा तार-तार

# चलंत शौचालय हो गया पंगु

शुभम संदेश ग्राउंड रिपोर्ट

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो सपना था, उसे साकार करने के लिए देश में स्वच्छता संबंधी कई कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई गईं. प्रधानमंत्री ने सफाई कर्मियों के पांव खुद धोकर उन्हें सम्मानित किया और स्वच्छ भारत मिशन को बढ़ावा दिया. देशभर में स्कूल, कॉलेज से लेकर सरकारी दफ्तरों में कई महीनों तक सफाई अभियान भी चलाए गए.

दूसरी ओर इस मिशन का एक और लक्ष्य था कि हर घर में शौचालय की सुविधा हो. इसके लिए सरकार ने करोड़ रुपए खर्च किए और शहर से गांव तक कई स्थानों पर शौचालय बनाए गए. जहां जगह का अभाव था, वहां फाइबर शौचालय उपलब्ध कराया गया. इसके लिए ग्रामीण इलाके में 12000 रुपये की सहयोग राशि प्रति लाभुक दिया गया. वहीं, शहरी क्षेत्र में भी जगह-जगह शौचालय बनाए गए. नगर निगम क्षेत्र में बाजार, चौक चौराहों में चलंत शौचालय का सुविधा मुहैया कराया गई और फिर कई जिलों को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ घोषित किया गया. लेकिन, समय बीतने के साथ पीएम के सपने पर पलीता लगता जा रहा है. ऐसा ही मामला हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में देखने को मिल रहा है.





कोर्ट परिसर में पड़ा चलंत शौचालय और मेन रोड में बायो शौचालय की टंकी का उखड़ा हुआ ढक्कन व आसपास फैला कचरा.

## सूरते हाल

- समय बीतने के साथ पीएम के सपने पर लगा पलीता
- न्यायालय परिसर में बदहाल खड़ा है चलंत शौचालय

> चलंत शौचालय ठीक हालत है, उसमें कोई खराबी नहीं है. अभी वह खड़ी है, जरूरत पड़ने पर उसे ले जाया जाता है. मेन रोड सदर अस्पताल के गेट के पास जो शौचालय बना है, उसे भी दिखवा लिया जाएगा.
> – शैलेंद्र लाल, नगर आयुक्त

दरअसल नगर निगम के द्वारा शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलंत शौचालय का निर्माण किया गया. इसमें एक चलंत शौचालय की लागत 10 लाख रुपये थी. शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में उसे ले जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई. यहां तक की नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोग विवाह एवं अन्य सार्वजनिक आयोजन में किराए पर चलंत शौचालय लेने लगे. इससे निगम के राजस्व को काफी फायदा भी हुआ. लेकिन देखरेख के अभाव में चलंत शौचालय हजारीबाग कोर्ट परिसर में शिथिल रूप से बैठ गया है.

### खड़े-खड़े चलंत शौचालय की बॉडी हो रही कबाड़

चलंत शौचालय में न तो पानी है और ना ही उसके टायर सही हालत में हैं. इसे लेकर निगम क्षेत्र में रहनेवाली आम जनता कहती है कि सरकार के सपने को विभाग के लोग सपने को चकनाचूर कर रहे हैं. जब 10 लाख की लागत से चलंत शौचालय लाया गया था, तो उस वक्त बाजार में खूब चर्चाएं हो रही थीं. नगर निगम अपनी उपलब्धियां गिना रही थी. अब उसी चलंत शौचालय को रिपेयरिंग कराने की जगह खड़ी कर उसमें जंक लगने का इंतजार किया जा रहा है. जबकि, थोड़ा-बहुत खर्च किया जाए, तो फिर से चलंत शौचालय गतिशील हो सकता है. इससे निगम को पुनः राजस्व की प्राप्ति भी होगी.

### मेन रोड के फाइबर शौचालय में पानी ही नहीं

शहर के मेन रोड में केशव हॉल के पास के कई दुकानदारों ने बताया कि इस रोड सदर अस्पताल का मुख्य गेट है. यहां एक टैक्सी स्टैंड भी है, जिस कारण यहां काफी भीड़ रहती है. इसे देखते हुए नगर निगम ने इस रोड में एक फाइबर शौचालय बनाया था. लेकिन, उस शौचालय में अब पानी नहीं है. यहां तक कि जो शौचालय की टंकी बनाई गई थी, उसका भी ढक्कन उखड़ चुका है. ऐसे में इस स्थान पर गंदगी पसरी रहती है. लोग पानी के अभाव में फाइबर शौचालय में नहीं जाकर दीवार के पीछे चले जाते हैं. वहीं, टंकी में ढक्कन नहीं होने के कभी कोई उसमें गिर न जाए, इसका भी खतरा बना रहता है.

### त्योहार के सीजन में होती है काफी परेशानी

समाजसेवी गणेश कुमार सीटू ने बताया कि शहर में खासकर त्योहार के सीजन में काफी भीड़ होती है. इसमें ग्रामीण इलाके से भी लोग आते हैं. अगर भीड़भाड़ वाली जगह पर चलंत शौचालय की सुविधा रहेगी, तो शहर आने वाले लोगों को शौचालय जाने के लिए परेशानी नहीं होगी और उन्हें दीवार के पीछे नहीं जाना पड़ेगा. लेकिन, नगर निगम चाहती ही नहीं है कि 5 साल पुराने चलंत शौचालय को दुरुस्त करा कर फिर से खड़ा किया जाए. क्योंकि रिपेयरिंग में मुनाफा नहीं हो पाएगा, जबकि नये की खरीदारी करने पर कमीशन मिलता. ऐसे में चलंत शौचालय एक ही स्थान पर बदहाल हालत में खड़ा है.

# दो युवकों की मौत से मातम

संवाददाता। हजारीबाग

मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत अमनारी पंचायत के शेखा गांव में अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई. इसके बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है. जानकारी के मुताबिक दो दिन पहले गांव के एक युवक का शव चरही थाना क्षेत्र में बरामद किया गया था. स्थानीय लोग उसकी मौत को संदेहास्पद बता रहे हैं. यह मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि एक युवक के मौत का नया मामला रविवार को सामने आ गया.

दोनों युवको की पहचान शेखा गांव निवासी छोटन राम के पुत्र शिव कुमार राम (25) और विष्णु राम के पुत्र वर्ष लोकन राम (35) के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि शुक्रवार को गांव में मूर्ति विसर्जन जुलूस निकाला गया था. शिव कुमार राम भी शामिल था. विसर्जन के बाद वह घर पर जाकर सो गया, लेकिन शनिवार शाम तक नहीं उठा. इसके बाद परिजन उसके कमरे में गए, तो युवक को मृत पाया. इस संबंध में परिजनों ने बताया कि युवक की मौत ठंड लगने से हुई है. वह रात भर बिना स्वेटर के जुलूस के साथ नाचते गाते रहा था. वहीं शेखा के लोकन राम की चरही में मौत के संबंध में परिजनों ने बताया कि युवक सरस्वती पूजा के दिन ससुराल आया था. फिर घूमने के ख्याल से शनिवार सुबह नदी की तरफ गया, लेकिन वह घर वापस नहीं आया.



## परिजन बेहाल

- एक युवक का बीते शनिवार चरही में मिला था शव
- दूसरा युवक घर के कमरे में सोने के बाद नहीं उठा

जब उसे खोजने के लिए गए, तो नदी में उसका शव मिला. पुलिस को घटना की जानकारी दी गई. पुलिस ने दोनों मृतक के शव को रविवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया. पुलिस का कहना है अभी तक परिजनों की ओर से कोई आवेदन नहीं मिला है. आवेदन मिलने पर पर जांच की जाएगी.

### एसपी ने 5 थाना प्रभारी को पदस्थापित किया



**हजारीबाग।** जिले से 2018 बैच के और पिछले 3 साल से अधिक समय से पदस्थापित दारोगा व इंस्पेक्टर के स्थानांतरण के बाद थानों में खाली हुए पदों पर बाहर से आए दारोगा की पदस्थापना की जा रही है. एसपी अरविंद कुमार सिंह ने दो दिनों में 12 थाना प्रभारी को पदस्थापना दी है. इस कड़ी में रविवार को पांच थाना में थाना प्रभारी को पदस्थापित किया गया. इनमें एसआई शंभू शरण दास को चुरचू थाना प्रभारी, भानु प्रताप सिंह को पदमा ओपी प्रभारी, रामकुमार राम को उरीमारी ओपी प्रभारी, जानू कुमार को आंगो थाना प्रभारी और पिंटू कुमार को डाड़ीकला ओपी प्रभारी बनाया है. एसपी ने सभी को 24 घंटे के भीतर अपने-अपने थाना में प्रभार लेने का निर्देश दिया है.

विश्वकर्मा अधिकार रैली में बड़कागांव से सैकड़ों लोग हुए शामिल

# राज्य सरकार को मांग पत्र सौंपा

संवाददाता। बड़कागांव

रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की अधिकार रैली में प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा के नेतृत्व में समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए. इस दौरान किशोर राणा ने कहा कि झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया था. रैली के बाद प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज्य सरकार को मांग पत्र सौंपा.

विश्वकर्मा समाज की मांगों में 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सरकारी अवकाश की घोषणा हो, झारखंड में भी आर्टिजन बोर्ड का गठन हो, झारखंड में पिछड़ी जाति को जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का लाभ मिले, झारखंड में जातिगत जनगणना समेत अन्य कई मांगें शामिल हैं. अधिकार रैली में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, प्रखंड सचिव संतोष राणा, बड़कागांव पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया कैलाश कुमार राणा, जिला सचिव नंदलाल राणा, प्रखंड उपाध्यक्ष मुनेश्वर राणा, देव कुमार राणा, नकुल राणा, कैलाश राणा, लोकनाथ राणा, युगल किशोर, गीता देवी, मालती देवी, सरस्वती देवी, कबूतरी देवी, स्मिता राणा, धनेश्वरी देवी, कुंती देवी, फूलमती देवी, पूनम राणा, यशोदा राणा, सकुंतला राणा, सुधा राणा, चंचला राणा, लीला देवी, गनेशी देवी सहित विश्वकर्मा समाज के सैकड़ों लोग थे.



## रखी मांग

- विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सरकारी छुट्टी घोषित करें
- पिछड़ी जाति को जनसंख्या के आधार पर आरक्षण मिले

धर्म-कर्म

भुरकुंडा हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय

# 8 मार्च को भव्य झांकी के साथ निकाली जाएगी शिव बारात

संवाददाता। रामगढ़

भुरकुंडा हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में रविवार को स्थानीय प्रबुद्धजनों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई. इस दौरान कोयलांचल क्षेत्र की हृदयस्थली शिव मंदिर में वर्षों से होते आ रहे महाशिवरात्रि महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर आपस में चर्चा की गई. बैठक की अध्यक्षता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नित्यांद पाठक एवं संचालन बैजनाथ ने किया.

इस क्रम में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. इसमें 8 मार्च को भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के बाद शाम में भव्य झांकी के साथ शिव बारात निकाली जाएगी. 9 मार्च को भक्तिमय संस्कृतिक कार्यक्रम और 10 मार्च को भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा. मंदिर समिति द्वारा सभी लोगों से महोत्सव मे बढ़-चढ़ कर भाग लेने और कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग करने की अपील की गई.



बैठक में मुख्य रूप से शिव मंदिर के अध्यक्ष नित्यांद पाठक, कोषाध्यक्ष अभिषेक सोनी, संरक्षक संजय मिश्रा, मुखिया अजय पासवान, विक्रम कुमार, दिलीप सिंह, शंभु दुबे, विजय पासवान, बापी सिंह, लालू पाठक, विजय सिंह, सुधीर दुबे एवं युवा कार्यकरणी सदस्य कुणाल लोहार उर्फ ढेला, सोनू, दानिश, शिवा, आकाश एवं अन्य उपस्थित थे.

## सामाजिक बैठक

- संस्कृतिक कार्यक्रम 9 मार्च को और 10 को होगा भंडारा
- आयोजन को सफल बनाने में समाजिक सहयोग की अपील

### जोरदाग शिव मंदिर परिसर में होगा रुद्र महायज्ञ

**केरेडारी।** प्रखंड अंतर्गत जोरदाग गांव के शिव मंदिर परिसर में रुद्र महायज्ञ को लेकर रविवार को बैठक की गई. अध्यक्षता उदयलाल गुप्ता और संचालन सुरेश रजक ने किया. बैठक में जोरदाग गांव के विभिन्न मोहल्लों के लोग शामिल हुए. इस दौरान बारी-बारी से लोगों ने रुद्र महायज्ञ को लेकर अपने-अपने विचार रखे. यज्ञ तिथि के निर्धारित पर भी चर्चा हुई. अब अगले सप्ताह रविवार को यज्ञ समिति का गठन कर अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को चयनित किया जाएगा. गांव में यज्ञ के आयोजन की खबर सुनने के बाद लोगो में काफी खुशी दिखी. बैठक में राम कुमार साव, श्यामदेव साव, अमित माली, रूपलाल साव, अनिल मुंडा, संतोष महतो, बालदेव साव, ज्ञान रंजन, धर्मेंद्र साव, तुलसी साव, चोहन राम, गणेश साव, कुशल साव, हीरामन महतो, पंकज महतो, मनोज साव, लोकेश्वर कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थे.



# पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर वन संरक्षण का लिया संकल्प



संवाददाता। टाटीझरिया

प्रखंड के डुंगो के कुकुरटांगी जंगल में रविवार को वृक्षाबंधन की तीसरी वर्षगांठ मनायी गई. इस अवसर पर ग्रामीणों ने वृक्षों को रक्षा सूत बांध कर वन संरक्षण के संकल्प को दुहराया एवं दरख्तों के साये में मौन धारण कर वन देवी की पूजा-अर्चना की. बता दें कि वर्ष 2022 में डुमर पंचायत अंतर्गत डुंगो गांव के कुकुरटांगी वन में रक्षाबंधन कर वन बचाने की शुरुआत की गई थी.

रविवार सुबह से ही गांव के बच्चे, महिलाएं व पुरुष रक्षाबंधन को लेकर काफी उत्सुक दिखे. दीपक जला कर प्रसाद चढ़ाया गया. इसके बाद उपस्थित लोगों ने पेड़ों को राखी बांधकर वन संरक्षण और संवर्द्धन का संकल्प लिया. मौके पर गणेश यादव, अंजू देवी, अमृत गंझू, गणेश गंझू, छक्कन गंझू, पवन यादव, प्रेम गंझू, गीता देवी, सुनिता देवी, रूबी देवी सहित अन्य लोग शामिल थे.

